कुल मुद्रित पृष्ठ संख्या / **Total No. of printed pages-12**

परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था
Atomic Energy Education Society

वार्षिक परीक्षा / Annual Examination 2025 - 26

कक्षा / Class : पाँचवी **अवधि / Duration : 3 घंटे**

विषय / Subject : हिंदी **अधिकतम अंक /Maximum Marks :80**

विद्यार्थी द्वारा भरा जाए / To be filled by the Student

अद्वितीय परीक्षा क्रमांक / Unique Examination No: _____

कक्षा / अनुभाग Class /Sec.:_____ दिनांक / Date: _____

परीक्षा का दिन / Day of Examination: _____

विद्यालय का नाम / Name of the School: _____

हस्ताक्षर निरीक्षक (दिनांक सहित) / Invigilator's Sign. (With date): _____

अध्यापकों द्वारा भरा जाए / To be filled by the Teachers

प्राप्तांक / Marks Obtained [ ] **पूर्णांक** / Total Marks [ ]

हस्ताक्षर परीक्षक (दिनांक सहित) / Examiner's Sign. (With date) :_____

हस्ताक्षर जाँचकर्ता (दिनांक सहित) / Cross Checker's Sign. (With date):_____

हस्ताक्षर परीक्षा प्रभारी(दिनांक सहित) / Exam I/C Sign. (With date):_____

सामान्य निर्देश / General Instructions:

1. प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दर्शाए गए हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न को ध्यान से पढ़ें और उचित उत्तर दें।
3. सुनिश्चित करें कि प्रत्येक खंड के प्रश्नों का उत्तर दिया गया है।
4. स्वच्छता एवं सुंदर लेख पर विशेष ध्यान रखें।

(पठन पर आधारित प्रश्न - 20 अंक)

प्रश्न-1 दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (5)

उत्तर भारत के एक सुंदर सरोवर में तीन मछलियाँ रहती थीं जिनमें गाढ़ी मित्रता थी | तीनों मछलियाँ सरोवर की अन्य मछलियों के साथ मिल-जुलकर विनोद और सैर करती रहती थीं| इनमें से पहली मछली का नाम था अनागतविधाता| वह बहुत बुद्धिमती थी और अपने नाम के अनुसार भविष्य की संभावित समस्याओं का हल पहले से ही निकालकर रखती थी | दूसरी मछली का नाम था प्रत्युत्पन्नमति| जैसा उसका नाम था वैसी ही तीक्ष्ण और तीव्र उसकी बुद्धि थी |

क) तीन मछलियाँ कहाँ रहती थीं ?

उत्तर- ----------

ख) पहली मछली का क्या नाम था ?

उत्तर- ----------

ग) दूसरी मछली का क्या नाम था ?

उत्तर- ----------

घ) पहली मछली का स्वभाव कैसा था?

उत्तर- ----------

ङ)दिए गए शब्द का समान अर्थ लिखिए |

सरोवर- ----------

प्रश्न-2 दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (5)

काजीरंगा उद्यान असम में ब्रहमपुत्र नदी के तट पर स्थित है | यहाँ विभिन्न प्रकार के पशु व पक्षी हैं | आज सुबह ही हम हाथियों पर चढ़कर उद्यान देखने गए | इसके लिए हमें बहुत सवेरे उठना पड़ा - तब सूरज भी नहीं निकला था |

उद्यान में सैकड़ों पशु थे | हिरन और जंगली भैंसों के कई झुंड आराम से घास चर रहे थे | उनमें कुछ सींग वाले गैंडे भी थे | इसी पशु के कारण काजीरंगा पूरे संसार में प्रसिद्ध हो गया है |

क) काजीरंगा उद्यान कहाँ पर स्थित है ?

उत्तर- ----------

ख) हम उद्यान देखने कैसे गए ?

उत्तर- ----------

ग) किस पशु के कारण काजीरंगा पूरे संसार में प्रसिद्ध हो गया है ?

उत्तर- ----------

घ) वचन बदलिए |

नदी ---------- गैंडा ----------

ङ) समानार्थी शब्द लिखिए |

सवेरे ---------- पशु ----------

प्रश्न-3 दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (10)

सत्संगति के अनेक लाभ हैं। अच्छे लोगों के साथ रहने से हमारी आदतों में सुधार होता है। वैसे भी अच्छे मित्र मुसीबत के समय सही सलाह देते हैं। हमें बुरे लोगों के साथ से बचना चाहिए। बुरे लोगों का साथ काजल की ऐसी कोठरी है, जिसमें मित्र चुनते समय हमें सावधान रहना चाहिए। सत्संगति हमारे जीवन को सही दिशा दिखाती है।सत्संगति के प्रभाव से बुरे विचार वाले व्यक्ति भी सही राह पर चलने लगते हैं | विद्यार्थी जीवन में सत्संगति का बहुत महत्त्व है|

क) हमें अच्छे लोगों के साथ क्यों रहना चाहिए?

उत्तर- ----------

ख) मुसीबत के समय अच्छे मित्र क्या करते हैं?

उत्तर- ----------

ग) बुरे लोगों के साथ को किस के समान माना गया है?

उत्तर- ----------

घ) हमें किन लोगों के साथ से बचना चाहिए ?

उत्तर- ----------

ङ) इस गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए।

उत्तर- ----------

च) विलोम शब्द लिखिए |

अच्छे ----------

छ) समान अर्थ लिखिए |

मित्र ----------

ज) वाक्य पूरा कीजिए |

---------- हमारे जीवन को सही दिशा दिखाती है।

झ) सार्थक शब्द बनाइए |

न धा सा व - ----------

ञ) शुद्ध शब्द पर सही का निशान लगाइए |

मुसीबत / मुसिवत

(पाठ्य-पुस्तक पर आधारित प्रश्न - 10 अंक)

1) गंगा नदी को और किस नाम से जाना जाता है ? (1)

उत्तर- ----------

---

2) सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है ? (1)

उत्तर- ----------

---

3) भारतीय गैंडों की संख्या क्यों घट रही है ? (2)

उत्तर- ----------

---

4) गंगा नदी के किनारे बसे कुछ नगरों के नाम लिखिए | (2)

उत्तर- ----------

---

5) लेखक ने 'मेरा बचपन' पाठ में अपने घरवालों के क्रोध का क्या कारण बताया है ? (2)

उत्तर- ----------

---

6) अजंता में निशा ने क्या-क्या देखा ? (2)

उत्तर- ----------

(रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न - 10 अंक)

1) अपनी किसी रेल यात्रा का कोई रोचक अनुभव लिखिए| (5)

उत्तर- ----------

---

2) दिए गए शब्दों का प्रयोग करते हुए गंगा नदी पर एक अनुच्छेद लिखिए|

(शांत गोमुख निर्मल औधोगिक प्रसिद्ध हिमालय तट नगर तीर्थ जल पवित्र) (5)

उत्तर- ----------

(व्याकरण पर आधारित प्रश्न 15 अंक)

1) दिए गए शब्दों के बहुवचन लिखिए | (2)

मछली - ---------- मछुआरा - ----------

2) दिए गए कारक चिन्हों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए | (2)

(पर की में ने का)

क) मछुआरों का ध्यान पानी में सैर करती हुई मछलियों --------- गया |

ख) मछुआरों की बातें तीनों मछलियों ---------- सुन लीं |

3) दिए गए वाक्य को पढ़ कर विशेषण तथा संज्ञा शब्द चुनकर नीचे लिखिए- (2)

विलायती खेलों में सबसे बड़ा ऐब है कि उनके सामान महँगे होते हैं।

संज्ञा विशेषण

--- ---

4) दिए गए वाक्य को पढ़ कर सर्वनाम तथा क्रिया शब्द चुनकर नीचे लिखिए| (2)

मैं दोपहर से ही वहाँ जा बैठता हूँ |

सर्वनाम ---------- क्रिया ----------

5) 'होना' क्रिया के विभिन्न रूपों का प्रयोग करते हुए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए- (2)

क) पहाड़ों का मौसम बड़ा ही सुहावना ---------- है |

ख) कुंभ के मेले में लाखों लोग सम्मिलित ----------|

6) चित्रों और शब्दों को जोड़कर मुहावरे बनाइए | (2)

क) मिचौनी खेलना - ----------

ख) अक्ल बड़ी या ----------

7) दिए गए शब्दों में अनुस्वार(कं) या अनुनासिक (चंद्रबिंदु कँ) लगाइए | (2)

सास - ---------- मत्री- ----------

8) दिए गए वाक्य में उचित विराम चिन्ह लगाइए | (1)

(| , ? !)

क्या तुम उद्यान में नहीं गए

(शब्द भंडार पर आधारित प्रश्न -10 अंक)

1) उदाहरण पढ़कर शब्द बनाइए | (1)

उदाहरण: हिम+आलय = हिमालय

---------- + ----------= ----------

2) दिए गए शब्दों को उनके समान अर्थों से मिलाइए | (2)

शब्द	अर्थ
शिलाखंड	कंदरा,गुहा
गुफा	संन्यासी, याचक
कुंड	चट्टान,पत्थर
भिक्षु	तालाब,जलाशय

3) रेखांकित वाक्यांशों के स्थान पर दिए गए शब्दों में से एक शब्द चुनकर लिखिए | (2)

(साप्ताहिक प्रशंसनीय दर्शनीय)

क) रश्मि का कार्य प्रशंसा के योग्य है। ----------

ख) विद्यालय में सप्ताह में एक बार श्रमदान किया जाता है।----------

4) उचित शब्द का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए| (2)

क. हमारी यात्रा कुछ---------- ही समाप्त हो गई। (धीरे, जल्दी)

ख. हमें ड्राइवर एक बील यानी झील की---------- ले गया।

(और, ओर)

5) दिए गए शब्द से वाक्य बनाइए | (1)

गुच्छा- ----------|

6) रेखांकित शब्दों के विपरीत अर्थ वाले शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए | (2)

क) सूर्य का <u>उदय</u> पूर्व दिशा में और ---------- पश्चिम दिशा में होता है|

ख) उसने <u>मारा</u> परन्तु मैंने ----------है |

(वर्तनी पर आधारित प्रश्न -10)

1) शब्द शुद्ध कीजिए | (1)

उतसाही ----------

2) सार्थक शब्द बनाइए | (1)

ट जा व स ----------

3) सार्थक शब्द पर सही का चिन्ह लगाइए | (1)

प्रजाति / पर्चाती

4) वाक्य शुद्ध कीजिए | (2)

क) महावत हमें हाथी के पास नहीं ले गई |

ख) संभाजी नगर पहुँचते-पहुँचते रात हो गया |

---

5) दिए गए शब्दों को सही क्रम में लगा कर वाक्य बनाइए | (1)

तुम्हारे / आना / चाहता / पास / हंस / नहीं

---

6) सही शब्द पर गोला लगाइए | (2)

क) प्रकृति परक्रती प्रक्रति

ख) परनाम प्रणाम प्रनम

7) चित्रों को सही नामों से मिलाइए | (2)

चित्र	नाम
	भीड़
	कक्षा
	गट्ठर
	छत्ता

(सुलेख 5 अंक)

दिए गए अनुच्छेद को सुंदर अक्षरों में लिखिए | (5)

मेहनत सफलता की कुंजी है | जो व्यक्ति निरंतर परिश्रम करता वही अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है| जीवन में कठिनाइयाँ सभी के सामने आती हैं, पर मेहनती व्यक्ति उनसे घबराता नहीं , बल्कि डटकर सामना करता है | बिना मेहनत के सफलता केवल सपना बनकर रह जाती है | विद्यार्थी यदि नियमित अध्ययन करें और समय का सही उपयोग करें , तो वे अवश्य सफल होते हैं| इसलिए हमें आलस्य छोड़कर ईमानदारी से मेहनत करनी चाहिए, क्योंकि मेहनत का फल हमेशा मीठा होता है |

*****